# 70 देशों को निर्यात कर रहे रक्षा उत्पाद: राजनाथ

**झांसी | संवाददाता**

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि गुरुनानक जयंती के साथ रानी लक्ष्मीबाई की जयंती भी मनाई जा रही है,जिनकी वीरता और बलिदान की कहानियां आज भी सुनी जाती हैं। रक्षा मंत्रालय ने सुनिश्चित किया है कि सेना में महिलाओं की भागीदारी बढ़े। महिलाओं को स्थायी कमीशन दिया जा रहा है। नौसेना में भी महिलाओं की



भर्ती की जा रही है। यूपी में रक्षा प्रौद्योगिकी और परीक्षण केंद्र खोलने का प्रस्ताव है। डीआरडीओ स्टार्टअप की मदद करेगा। उन्होंने कहा कि आज हम 65 फीसदी डिफेंस सामान भारत से ही खरीद रहे हैं। अब भारत की गिनती रक्षा उत्पादों के निर्यातकों में हो रही है। आज 70 देशों को रक्षा उत्पाद निर्यात कर रहे हैं। वर्ष 2024-25 तक 35 हजार करोड़ रुपए के डिफेंस निर्यात का लक्ष्य रखा है। वह दिन करीब है, जब रक्षा जरूरतों का 90 फीसदी सामान मेड इन इंडिया होगा।